स्थापित- 1979 ई०

📱: ~~9431482159~~

द्वारका नाथ महाविद्यालय, मसौढ़ी

D.N. College, Masaurhi, Patna - 804452

(बिहार सरकार द्वारा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना-20 के अन्तर्गत कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में स्नातक प्रतिष्ठा स्तर तक स्थायी सम्बंधन प्राप्त)

[यू० जी० सी० एक्ट के अन्तर्गत 2f एवं 12B में पंजीकृत/एस० आर० एक्ट-नि० सं० 590/88-89]

प्रेषक : अध्यक्ष/सचिव/प्रधानाचार्य

पत्रांक..............................

दिनांक :...20/10/23...

कार्यालय आदेश

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पत्रांक आर/पी.पी.यू./2252/2023 एवं शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 15 / एम 1-245/2023-3807 दिनांक 14.10.2023 के आलोक में छात्र - छात्राओं की वर्ग में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इस आशय की सूचना पूर्व में भी महाविद्यालय कार्यालय से दी गयी है।

उक्त तथ्य के आलोक में जो भी छात्र - छात्रा 03 दिनों से अधिक अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थित पाये जाते हैं, उनसे विभागीय स्तर पर स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए स्पष्टीकरण असंतोषजनक होने पर उनका नाम काटने/ पंजीकरण निरस्त करने की कार्रवाई हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित करें।

इसके अतिरिक्त जिन छात्र - छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम पाया जाता है तो उन छात्र - छात्राओं का परीक्षा हेतु एडमिट कार्ड निर्गत नहीं किया जाएगा यानि ऐसे विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय पोर्टल पर परीक्षा प्रपत्र का Validation नहीं किया जाएगा। अतः परीक्षा प्रपत्र की हार्ड कापी को विभागाध्यक्ष या विभागाध्यक्ष द्वारा अधिकृत शिक्षक विभाग से अग्रसारित नहीं करेंगे ऐसे छात्र - छात्राओं का परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय पोर्टल पर Validate नहीं किया जाएगा। जिन छात्र - छात्राओं का 75 प्रतिशत वर्ग में उपस्थिति है, सिर्फ ऐसे हीं छात्र-छात्राओं का परीक्षा प्रपत्र Validation के लिए अग्रसारित करना सुनिश्चत करेंगे। इस कार्य में विभाग का निर्णय अंतिम होगा । उक्त सभी तथ्य के अनुरूप विभागाध्यक्ष कार्य करेंगे तथा इस आशय की आदेश से अपने विभाग के छात्र - छात्राओं को भी अवगत करा दें।

इस आदेश को विभाग के सूचना पट, पुस्तकालय के सूचना पट महाविद्यालय के सूचना पट तथा महाविद्यालय के बेवसाईट पर प्रकाशित करना सुनिश्चत किया जाय ।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रतिलिपि प्रेषितः

1. सभी विभागाध्यक्ष एवं सभी शिक्षक
2. परीक्षा नियंत्रक, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना
3. प्रधान सहायक/ पुस्तकालयाध्यक्ष

20.10.23

प्रभारी प्राचार्य

Professor In-charge
D.N. College, Masaurhi (Patna)

20/10/23